इति बृहन्नारदीय पुराण पूर्वखण्ड अध्याय ६।

तत्वं गुरुसमंनास्ति न देवः केशवात्परः,९।

इति नारदीयपुराण पूर्वखण्ड अध्याय ३४।

तै नैव पिण्डास्तु तुलसी वि मिश्रा ।
नाकल्पकोटि पितरः सु तृप्ताः ।

इति शब्दकल्पद्रुम श्राद्ध शब्दान्तर्गत ।

विष्णु का भोग लगा अन्न पितरों को दे । जो विष्णु को बिना भोग लगाये देवताओं को समर्पण करता है वह मांस मद्य सदृश होजाता है. इससे अन्न जल फल फूल मेवा आदि विष्णुको भोग लगाकर पितृदेवतावों को समर्पण करै यथाः—

हरि भुक्तोज्झितं दद्यात् पितॄणां च दिवौ कसाम् ।
तदेव जहुयाद्वह्नौ भुञ्जीयात्तु तदेव हि ७२ ।
हरेरनर्पितं यत्तु देवाना मर्पितं च यत् ।
मद्यमांस समं मोक्तं तद्भुञ्जीयात्कदाचन ७३ ।

नास्तिवेदात्परं शास्त्रं न हि कृष्णात्परः सुरः ७२ ।

इति ब्रह्मवैवर्तपुराण गणपति खण्ड अध्याय ४४ ।

सत्यं बच्मिहितंवच्मि सारंवच्मि पुनः पुनः ।
असारेस्मिस्तु संसारे सत्यं हरि समर्चनम् १० ।

इति बृहन्नारदीयपुराण पूर्वखण्ड अध्याय ४३ ।

हरेः पाद जलं प्राश्यं नित्यं नान्यद्दिवौकसाम् ।
सुराणामितरेषां तु फल पुष्प जलादिकम् ७४ ।

इति वृद्धहारीतस्मृति धर्मशास्त्र अध्याय ८ ।

नोट—मांस मद्य भक्षी इस बात पर ध्यान दें कि किसी कारण से दूषित अन्न को अति लघुता में मांस मद्य की पंक्ति में नियोजित किया है, तो मद्य मांस नीच ही वस्तु है।

तथा—

हर्यर्पितं तु यच्चान्नं तीर्थं+ वा पितृ कर्मणि ।
दद्यात्पितॄणां यद्भक्ष्यं मया श्राद्धायुतं लभेत् ३२० ।
हरेर्निवेदितं भक्त्या यो दद्याच्छ्राद्ध कर्मणि ।
पितरस्तस्य यान्त्येव तद्विष्णोः परमं पदम् ३२१ ।
तीर्थं वा तुलसी पत्रं यो दद्यात्पितृ दैवतम् ।
आकल्प कोटि पितरः परितृप्ता न संशयः ३२२ ।
यः श्राद्ध काले मूढात्मा पितॄणां च दिवौकसाम् ।
न ददाति हरेर्भुक्तं तस्य वै नारकी गतिः ३२३ ।

इति वृद्ध हारीत स्मृति धर्मशास्त्र अध्याय ११ ।

+ भगवत चरणामृत ।

श्राद्ध में लेने योग्य फल यथाः—

आम्रमाम्रातकं विल्वं दाडिवं वीजपूरकम् ।
प्राचीनामलकं क्षीरं नारिकेलं परूषकम् ८९ ।
वत्सकं च स खर्जूरं द्राक्षानील कपित्थकम् ।
पाटोलं च प्रियालंच कर्कन्धू वदराणि च ९० ।
वैकंकतञ्च नारिंगं वीजपूपथापि वा ।
एतानि फल जातानि श्राद्धे देयानि यत्नतः ९१ ।

इति ब्रह्मपुराण अध्याय ११२ ।

ऽ
निष्फल दान यथाः—

नक्षत्र सूचकस्यापि दत्तं भवति निष्फलम् ५ ।
हिंस्यकस्य खलस्य च ७ ।
वेद बिक्रयिणिश्चापि स्मृति विक्रयिणिस्तथा ।
धर्म विक्रयिणे विप्र दत्तं भवति निष्फलम् ८ ।

ऽ नास्ति बेदात्परं शास्त्रं नास्ति मातुः परो गुरुः ।
नास्ति दानात्परं मित्रमिह लोके परत्र च ।

इति अत्रिस्मृति श्लोक १४८ ।

असी नीवी मसी जीवी देवलो ग्राम याजकः।
धावको वा भवेत्तेषां दत्तं भवति निष्फलम् १० ।
मद्य मांसाशिनश्चापि स्त्री विट् स्याति लोभिनः।
चौरस्य पिशुनस्यापि दत्तं भवति निष्फलम् १७।
दंभेन चापि हिंसार्थं परस्याविधिनापि च २१ ।

इति बृहन्नारदीयपुराण पूर्वखण्ड अध्याय १२ ।

विधि से हीन तथा कुपात्र को दान देने से केवल उस दान का फल ही नहीं व्यर्थ होता है किंतु उस दाता के पहिलेके पुण्यभी नाश हो जाते हैं यथाः—

विधि हीने यथा ऽ पात्रे यो ददाति प्रतिग्रहम् २७ ।
न केवलं हि तद्व्यर्थं शेषमन्यत्र नश्यति २८ ।

इति दत्तस्मृति अध्याय ३ ।

"विद्या और तप से हीन ब्राह्मण दान न लेवे क्यों कि दान लेने से वह दाता के सहित नरक में आयगा। ऐसा याज्ञवल्क्यस्मृति अध्याय १ श्लोक २०२ में लिखा है। अत्रिस्मृति श्लोक २३ और वशिष्ठस्मृति अध्याय ३ श्लोक १३ में लिखा है कि जिस देश में विद्वानोंके भोगने योग्य वस्तुको मूर्ख भोगते हैं उस देशमें अनावृष्टि होती है अथवा कोई बड़ा भय उपस्थित होता है। लघुशंखस्मृति

श्लोक २३ में लिखा है कि जिन ब्राह्मणों के उदर में वेदोंके पवित्र मंत्र हैं वही ब्राह्मण पूजने योग्य हैं केवल ब्राह्मणका शरीर धारण करनेवाले नहीं। पाराशरस्मृति अध्याय ८ श्लोक ३२ में लिखा है कि गायत्री से हीन ब्राह्मण शूद्र से भी अधिक अशुद्ध है, गायत्री और वेद के तत्व को जानने वाले ब्राह्मण को सबलोग पूजते हैं। बृहत्पाराशरीय धर्मशास्त्र अध्याय २-जपविधि-श्लोक १३ में लिखा है कि जो ब्राह्मण गायत्री नहीं जानता अथवा जान कर के भी उसकी उपासना नहीं करता वह शूद्र है। दक्षस्मृति अध्याय २ श्लोक २१ और २२ में लिखा है कि जो ब्राह्मण विशेष करके संध्योपासना नहीं करता वह जीवित अवस्था में ही शूद्र होजाता है और मरने पर कुत्ता होता है २१। सन्ध्या से हीन ब्राह्मण सदा अपवित्र रहता है और सब कर्मो के अयोग्य है उसके सब किये हुये कर्म निष्फल होते हैं २२। विशेष जानना हो तो मेरा बनाया "दानादर्श" ग्रन्थ देखो।"

न अवैष्णव को छुए न उसका कच्चा पक्का अन्न खाय यथाः—

अवैष्णवानामपि च संसर्गं दूरतस्त्यजेत्।
पक्वमाद्यं यथापक्वं वाग्यतो नियतेन्द्रियः १३६।

इति वृद्ध हारीत स्मृति धर्मशास्त्र अध्याय ११।

नोट—मांस खानेवाले का अन्न न खाय—देखो मनुस्मृति अध्याय ५ श्लोक २१२ और याज्ञवल्क्यस्मृति अध्याय १ श्लोक १६७। जो पशु को लाठी मारै उसका भी अन्न न खाय—देखो वशिष्ठस्मृति अध्याय १४ के शुरू में।

अवैष्णवानां संलाप बंदनादान्विवर्जयेत् ८३। ×

इति नारदपञ्चरात्रान्तर्गत वृहद्ब्रह्मसंहिता पाद २ अध्याय ५।

हम यहां पर किंचित यह दिखाते हैं कि गोमेध, अश्वमेधादि शब्दों के क्या अर्थ होते है यथाः—

शतपथब्राह्मण वेद के कांड १३ अध्याय १ ब्राह्मण६ वाक् ३ में लिखा है कि—

राष्ट्रं वा अश्वमेधः।

× हीन वर्णे च यः कुर्यादज्ञानाभिवादनम् ३११। तत्र स्नानं प्रकुर्वीत घृतं प्रश्य विशुद्ध्यति। समुत्पन्ने यदास्नाने भुंजे वापि पिवेद्यदि ३१२ इति अत्रिस्मृति। अर्थ—जो मनुष्य अज्ञानवश होकर अपने से हीन वर्ण को नमस्कार करता है वह स्नान करके घी चाटने पर शुद्ध होता है ३११। ३१२।

और शतपथब्राह्मण वेद के कांड ४ अध्याय ३ ब्राह्मण ४ वाक् २५ में लिखा है कि--

अन्न ७ हि गौः ।

नोट --ब्राह्मण १ वाक् २५ भी देखो ।

इसी शतपथ में लिखा है कि-

अग्निर्वा अश्वः, आज्यं मेधः ।

इन उक्त वचनों का अभिप्राय यह है कि न्यायपूर्वक राज्य करना अश्वमेध है। घी तथा सुगंधित वस्तुओं का अग्नि में होम करना अश्वमेध है । विद्या आदि का दान देना अश्वमेध है। अन्न इन्द्रियां और पृथिवी आदि को पवित्र रखना, सूर्य की किरणों से उपयोग लेना गोमेध ❀ है। जब मनुष्य मरजाय तब उसके शरीर को विधिपूर्वक दाह करना ही नरमेध है।

❀ गाय का नाम वेद में अघ्न्यया है (पृष्ठ ४१ मंत्र १५) याने नहीं मारने योग्य, (महाभारत शांतिपर्व मोक्षधर्म अध्याय ८९ श्लोक ४७ से ४९ तक भी देखो), इस वास्ते यहाँ पर गो शब्द का अर्थ अन्न इन्द्रियाँ आदि यही होगा और मेध (यज्ञ) शब्द का अर्थ पृष्ठ१०-११में देखो।

अतः वैदिक साहित्य से भी इसी प्रकार के अर्थ होते हैं, जैसे उणादि कोष पाद १ सूत्र १५१ की व्याख्या में लिखा है कि–

अश्नुते व्याप्नोतीत्यश्वः । तुरङ्गो वह्निर्वा ।

अर्थात् अश्व का अर्थ अग्नि भी होता है ।

नोट —बाज माने अन्न, इति वेदांग नैघंटु २ । ७ ।

और वेदांग नैघंटु अध्याय ३ खंड १७ में मेध का अर्थ यज्ञ लिखा है ।

उणादिकोष पाद २ सूत्र ६७ की व्याख्या में लिखा है कि

गच्छति यो यत्र यया वा स गौः । पशुरिन्द्रियं सुखं किरणोवज्रं चन्द्रमा भूमिर्वाणी जलं वा ।

अर्थात् इन्द्रिय, सुख किरणादि गौ के अर्थ होते हैं ।

वेदांग नैघंटु अध्याय १ खंड १४ में नर का अर्थ अश्व होता है और अश्व का अर्थ अग्नि होता है ।

अब गोमेध अश्वमेध नरमेधादि शब्दों के यही अर्थ निकले कि अन्न जल इन्द्रियें पृथिवी आदि को पवित्र रखना और सूर्य की किरणों से उपयोग लेना गोमेध है । घी तथा सुगंधित वस्तुओं

का अग्नि में हवन करना अश्वमेध और नरमेध है।

१ नोट—तर्पण करना पितृ यज्ञ है, हवन करना देव यज्ञ है, पढ़ना ब्रह्म यज्ञ है, इति मनुस्मृति अध्याय ३ श्लोक ७० और कात्यायनस्मृति खंड १३ श्लोक ३। गोमेध अर्थात् यज्ञ में गौ मारने का खंडन देखिये महाभारत शांतिपर्व मोक्षधर्म अध्याय ९२ श्लोक १ से ३ तक।

२ नोट—वेदों में मांस भक्षणादि अखाद्य कुवस्तुयों का जो नाम निकलता है, इसका कारण यह है कि वाममर्गी पाखंडियों ने वेद मार्ग को प्रलीन कर दिया " वेद मार्ग प्रलीनंच पाखण्डाढ्य ततोजने ३९ इति ब्रह्मपुराण अध्याय १२२ " पृष्ठ ९२ श्लोक १७ और पृष्ठ ९३ श्लोक १८ और नोट देखो। विशेष जानना हो तो " हिंसातर्कावली " प्रश्न २६ का नोट देखो।

बेद धर्म मुक्ति नहीं दे सकता यथाः—

संदेहो बर्तते राजन्ननिवर्तति मे क्वचित्।

भवता कथितं यसच्छृण्वतो मे नराधिप ४८। ऽ

ऽ स्वर्ग की प्राप्ति अनित्य है, इसे लघु और अग्यानी लोग चाहते हैं।

वेद धर्मेषु हिंसास्यादधर्म बहुलाहिसा ।
कथं मुक्ति प्रदो धर्मो वेदोक्तोबत् भूपते ४९ ।
प्रत्यक्षेण त्वनाचारः सोमपानं नराधिप ।
पशूनां हिंसनं तद्वद्भक्षणं चामिषस्य च ५० ।
सौत्रामण्यौ तथा प्रोक्तः प्रत्यक्षेण सुरा ग्रहः ।
द्यूतक्रीड़ा तथा प्रोक्ता व्रतानि विविधानि च ५१ ।

इति देवीभागवत स्कंध १ अध्याय १८ ।

सकाम कर्म यज्ञ अग्निहोत्रादि करनेवाले नरकको जातेहैं यथा :-

असुर्य्या नाम ते लोका ऽ अन्धेन तमसा वृता ÷ ।
ताँस्तेप्रेत्यापि गच्छन्ति येके चात्मघ्नतो जना (-३।
अन्धन्तम ऽ प्रविशन्ति ये विद्यामुपासते ।
ततो भूय ऽ इवते समोप ऽ उविद्यायाः (()रता(-१२।

इति यजुर्वेद अध्याय ४० ।

नोट-यही १२ वीं श्रुति बृहदारण्यकोपनिषद् अध्याय ४ ब्राह्मण४ मंत्र १० में है ।

जोसकाम कर्म के करने वाले हैं वे मूर्ख स्वर्ग भोग कर फिर मनुष्य लोक को पाकर पशु योनि नरकादि ! हीन लोक को प्राप्त होते हैं यथाः—

इष्टापूर्तं मन्यमानावन् छंनान्यच्छ्रे यो वेदयन्ते प्रमूढाः ।
नाकस्य पृष्ठे ते सुकृतेनु भूत्वेमं लोकं हीनतरश्चा विशन्ति१०।

इति मुण्डकोपषिद् मुंडक १ खंड २ ।

स्नान दान यजनादिकाः क्रियामोचनावधि हृयैवतिष्ठते ७४।
सलिले सैन्धवं यद्वत्साम्यं भवति योगतः ।
तथात्म मनसोरैक्यं समाधिरिति कथ्यते ७५ ।

इति वाराहोपनिषद् अध्याय २ ।

अज्ञानान्ध तमोरूपं कर्म धर्मादि लक्षणम् १२ ।

इति बाराहोपनिषद् अध्याय २ ।

सकाम कर्म करने वाले जो संसार को चाहते हैं सो यह संसार असार है जीव इसमें सुखकी आशा न करै एक हरि का ही स्मरण सार है यथाः—

असार भूते संसारे सारमेकं विनिर्दिशेत् ।
असारा शेष लोकस्य सारमाराधनं हरे १ ।×

इति गरुड़पुराण पूर्षखंड अध्याय २३३ ।

नोट—कलियुग में हरि के नाम सिवाय जीवों के तरने का अन्य उपाय नहीं है—देखो पृष्ठ २९ श्लोक ८६ की टिप्पणी ।

प्रबल इन्द्रियों के तंत्र होकर जीव जानते हुए भी पुनः आत्म ज्ञान होते हुए कर्म का कर्ता स्वयं बन जाता है, वह आत्मा जानते हुए भी विमूढ़ हो जाती है यथाः—

× अन्यान देवों के उपासक होने पर तथा उन का मंत्र (दीक्षा) लेने पर हरि मंत्र ले सकते हैं यथाः—

अवैष्णवोपदिष्टंचेत् पूर्व मन्त्रं परित्यजेत् ।
पुनश्च विधिनासम्यगवैष्णवाद्ग्राह्यन्मनुम् ।

इति राममन्त्रपरस्मवैदिकान्तरगत पद्मपुराण उत्तरखंड अध्याय २२६ का वचन । दुर्लभा वैष्णवी दीक्षा ४० इति नारदीय पुराण उत्तरभाग अध्याय ३३ ।

प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः ।
अहङ्कार विमूढात्मा कर्ताहमिति मन्यते २७ ।

इति गीता अध्याय ३ ।

नोट—महाभारत के भीष्मपर्व में २३ अध्याय से ४१ अध्याय तक को गीता कहते हैं ।

जिस कर्म का फल थोड़ा है उसे दूर से त्याग दे यथाः—

इहामुत्र फलं लब्ध्वा सुखं भुक्त्वा पुनः पतेत् ।
तस्मादनित्यमखिलं दूरतः परिवर्जयेत् २२ ।

इति आदिपुराण अध्याय ८ ।

नोट—जो कर्म विधिपूर्वक नहीं किया जाता तो उससे स्वर्ग नष्ट होता है-देखो मुंडकोपनिषद् मुंडक १ खंड २ श्रुति ३ ।

गृहस्थ गुरु नहीं तारसक्ता क्योंकि वह आप ही विडंबना में पड़ा है तब दूसरे को क्या छुड़ायगा यथाः—

रोग ग्रस्तो यथा वैद्यः पर रोग चिकित्सकः ।
तथा गुरुर्मुमुक्षोर्मे गृहस्थो ऽयं विडंबना ४४ ।

इति देवीभागवत स्कन्ध १ अध्याय १४ ।

कलियुग में धर्म के जानने वाले भी अधर्म करते हैं यथाः—

महांतोऽपि च धर्मज्ञा अधर्मं कुर्वते नृप ५२ ।×

इति देवीभागवत स्कंध ६ अध्याय ११ ।

और कलियुग में पंडित पाखण्डी होते हैं यथाः—

पंडिताः सोदरार्थं वै पाखंडानि पृथक् पृथक् ।
प्रवर्तयंति कलिना प्रेरिता मंद चेतसः ४३ ।

इति देवीभागवत स्कन्ध १ अध्याय ८ ।

अर्थ कामौ प्रशस्तौ द्वौ सर्वेषां संमतौ प्रियौ ।
धर्माधर्मेति वाग्बादो दंभोऽयं महतामपि १० ।

इति देवीभागवत स्कन्ध ६ अध्याय ७ ।

नोट—अविद्या के मध्य विषे वर्तते हुये मूढ़जन अपने को धीर पण्डित मानने वाले अनेक कुटिल भेष को धारण करते हुए

× माखी काक उलूक बक दादुर से भये लोग ।
भले ते शुक पिक मोर से कोउ न प्रेम पथ योग १ ।
हृदय कपट वर वेष धर बचन कहैं गढ़ छोल ।
अब के लोग मयूर ज्यों क्यों मिलिये मन खोल २ ।
भले बुरे से लगत हैं बुरे भले से लोग ।
"नागर" नहिं चीन्हैं परैं मेरे मन यह सोग ३ ।

भ्रमते रहते हैं-जैसे अन्धा पुरुष अन्धा करके ही लेगया हुआ भ्रमता है तैसे, देखो कठवल्लीउपनिषद् अध्याय १ वल्ली २ श्रुति ५। जो बुध होगा वह भोगोंमें कभी नहीं रमेगा (गीता ५।२२-२३)

शैवमत तामसी मार्ग है यथाः—

रुद्र उवाच—

कलौ मत्कृत मार्गेण बहुरूपेण तामसैः २५।

इति वाराह पुराण अध्याय ७० ।

और शिव आप ही प्रेत रूप श्मशान में रहते हैं यथाः—

श्मशान वासिनो नित्यं प्रेत रूपाय वै नमः ७९।

इति ब्रह्माण्डपुराण पूर्वभाग अनुषंगपाद अध्याय २७।

शंकरजी तपोधन दाता वेदों के पारग होते हुए भी म्लेच्छ सरीखे रहते हैं अस्थि (हड्डी) भस्म को धारण किये हैं इसी से इनको म्लेच्छ (भूतादि) अच्छे लगते हैं यथाः—

तपोधनं यति दान्तं म्लेच्छ वद्वेद पारगम्।

तस्मात् म्लेच्छ प्रियो भूयात् शंकरश्चास्थि भस्मधृत्।

इति शब्दकल्पद्रुम शङ्कर शब्दान्तरगत कालिकापुराण अध्याय ८३ का वचन।

विष्णु ब्रह्मा से कहते हैं कि तुममें राजसी हम में सात्वकी और शिव में तामसी शक्ति है-अभिप्राय यह है कि शिव तामसी हैं यथाः—

जगत् सृजनते शक्तिस्त्वयि तिष्ठति राजसी।
सात्वकी मयि रुद्रे च तामसी परिकीर्तिताः ४७।

इति देवीभागवत स्कंध १ अध्याय ४।

राजसो ब्रह्मा सात्विको विष्णुस्तामसो रुद्र इति येते त्रयोगुण युक्ता, इति योगचूड़ामण्युपनिषत् श्रुति ७२।

नोट—पद्मोत्तरखंड अध्याय १३२ श्लोक ८० भी देखो।

विष्णु को छोड़ अन्य देवता के पूजने वाले पाखण्डी होते हैं यथा :—

ये अर्चयन्ति सुरानन्यां स्त्वां विना पुरुषोत्तम।
तेपाखंडत्वमापन्नाः सर्वलोकगर्हिताः ५८।

इति पद्मोत्तरखण्ड अध्याय २५५।

शैव शाक्त पाखण्डी होते हैं यथाः—

पाखण्ड शैव शाक्तादि तंत्राचालोकनादिकम्।
स्यतो ब्रह्म शिवादिनां वृद्धानामर्चनादिकम् ९३।

इति नारदपंचरात्र भरद्वाजसंहिता अध्याय १।

शिव के बनाये ग्रन्थ तामसी हैं इन्हें कभी न मानै यथाः—

तथा रुद्रेण कथितं मोहनं क्षुद्रकामदम् ।
तन्त्रं बहु विरुद्धश्च तामसं परिवर्जयेत् २३ ।

इति नारदपंचरात्र भरद्वाजसंहिता अध्याय ४ ।

शिव काली गणेश कूष्मांड भैरव भूतादि तामसी होते हैं यथाः-

रुद्रः काली गणेशश्च कूष्माण्डा† भैरवादयः‡ ।
मद्य मांसाशिनश्चान्ये तामसाः परिकीर्तिताः २६८ ।

इति वृद्ध हारीत स्मृति अध्याय ११ ।

नोट—जब शिव तामसी हैं तो दुर्गा उनकी शक्ति (बल) है वह तामसी होनाही चाहिये। देवीभागवत स्कंध १ अध्याय २ श्लोक २० में लिखा है कि महालक्ष्मी सात्विकी सरस्वती राजसी और काली तामसी है। अध्याय ८ श्लोक ३५–३६ में लिखा है कि विष्णुकी शक्ति सात्वकी, ब्रह्मा की शक्ति राजसी और शिव की शक्ति तामसी है ।

---

† शिव गण विशेष । ‡ शिव गण विशेष ।

ब्रह्मराक्षस बेताल भूत भैरवादि गणों की पूजा का निषेध है यथाः—

ब्रह्मराक्षस वेताल यक्ष भूतार्चनं नृणाम् ।
कुम्भीपाकमहाघोरं नरकं प्राप्ति साधनम् ९६ ।
कोटिजन्म कृतं पुण्यं यज्ञदान क्रियादिकम् ।
सद्यः सर्वलयं यांति यक्ष भूतादि पूजनात् ९७ ।
स्त्रियो वा पुरुषो वापि यक्ष भूतादिकार्चनात् ।
कल्पकोटि सहस्राणि कल्प कोटि शतानिच ९८ ।
क्रिमिर्भूत्वाथ विष्ठायां पितृ भिः सह मज्जति ९९ ।
यक्षराक्षस भूताश्च कूष्मांड गण भैरवाः ।
नार्च्चनीयाः सदा देवि स्वर्गलोकमभीप्सुभिः ११७ ।

इति पद्मोत्तरखण्ड अध्याय २५३ ।

नोट— शैवधर्म निषेध विशेष रूप में जानना हो तो हिंसा-तर्कावलीग्रन्थ देखो । प्रेतान्भूतगणांश्चान्येयजन्तेतामसाजनाः । इति गीता १७ । ४ ।

शिव निर्माल्य निषेध यथाः—

महादेव का भोग लगा (नैवेद्य) खानेवाला नरक को जाता है यथाः-

अग्राह्यं शिव नैवेद्यं पत्रं पुष्पं फलेजलम् १९ ।

इति शिवपुराण विद्येश्वरसंहिता अध्याय २२ ।

सकृदेव हि योऽश्नाति ब्राह्मणो ज्ञान दुर्बलः ।
निर्माल्यं शंकरादिनां स चांडालो भवेद्‌ध्रुवम् ९९ ।
कल्प कोटि सहस्राणि पच्यते नरकाग्निना ।
निर्माल्यं भो द्विज श्रेष्ठ रुद्रादीनां दिवौकसाम १०० ।

इति पद्मोत्तरखण्ड अध्याय २५५ ।

द्रव्यमन्नं फलंतोयं शिवस्वं न स्पृशेत्कचित् ।
निर्माल्यं नैव लङ्घेत कूपं सर्वं विनिःक्षिपेत् ।

इति स्वधर्मामृतसिंधु तरंग १७ पृष्ठ २४१ ।

नोट—शिव निर्माल्य के विषय में ब्रह्मवैवर्त्तपुराण प्रकृति खण्ड अध्याय ३० श्लोक १६८ और शिवसंहिता भव्योत्तरखण्ड उमा महेश्वर संवाद श्रीरामार्चामाहात्म्य विसदोपाख्यान अध्याय ६ देखो ।

देवी को भोग लगाके खाने का निषेध है यथाः—

नोच्छिष्टं चण्डिकान्नं च सामिषं वृषला हृतम् ४९ ।

इति भागवत स्कंध ६ अध्याय १८ ।

अर्थ—चंडिका (देवी) का जूठा अन्न न खाय, मांस खाने वाले शूद्र का लाया न खाय ४९। ×

चक्राङ्कित भगवद्भक्त अन्य देवता देवी को नमस्कार न करै यथा:—

× पाराशरस्मृति अध्याय ११ श्लोक १५, पद्मपुराण ब्रह्मखण्ड अध्याय १९ श्लोक ११ से १३ तक और पद्मपुराण उत्तरखण्ड अध्याय ६४ श्लोक ६७ देखो। भगवत के उच्छिष्ट के सिवाय अन्य जीवों का उच्छिष्ट पाना तामसी है (उच्छिष्टमपिचामेध्यं भोजनं तामसं प्रियम् गीता १७। १०) मनुस्मृति अध्याय २ श्लोक ५६ भी देखो। विष्णु को छोड़ ब्रह्मा शिवादि देवता जीव हैं, देवी माया है। महर्षि कपिलदेव प्रणीत " कापिलसूत्र " में लिखा है कि " पुरुषः ४ " अर्थात पुरुष (ब्रह्म) एक है। या देवी सर्व भूतेषु विष्णु मायेति शब्दिता। नमस्तस्यैनमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः १२ इति 'मार्कण्डेय पुराण अध्याय ८२। शक्ति चिह्नान्महामाया तस्यांशाच्छारदादयः। तस्याएव समुद्भूतो विश्वो माया प्रतिष्ठितः २१। इति पंचसर्गीय महारामायण सर्ग १।

नान्यं देवं नमस्कुर्यान्नान्यं देवं निरीक्षयेत् ।
चक्राङ्कितः सदा तिष्ठेन्मद्भक्तः पांडु नन्दन ।

❀ इति स्वधर्मामृतसिंधु तरंग १७।

तामसी नरक को जाते हैं और जब संसार में पैदा होते हैं तो त्रियक् योनियों में जाते हैं यथाः—

तथा प्रलीनस्तमसि मूढ़ योनिषु जायते १५ ।
ऊर्ध्वं गच्छन्ति सत्वस्था मध्ये तिष्ठति राजसा ।
जघन्य गुण वृत्तिस्था अधो गच्छन्ति तामसाः १८ ।

इति गीता अध्याय १४।

तामसा निरय यांति ।

इति ब्रह्मपुराण अध्याय १३३ श्लोक ४६।

तिर्यक्त्वं तामसा नित्यं ४० ।

इति मनुस्मृति अध्याय १२।

नोट—कूर्मपुराण पूर्वार्द्ध अध्याय २ श्लोक ५६—५७ महाभारत आश्वमेधिक पर्व अध्याय ३९ श्लोक १० में भी ऐसा ही है

❀ स्वधर्मामृत सिंधु के मिलने का पता—विद्वद्वर श्रीमान् महान्त, पं० श्री ब्रजभूषण शरण देवजू, मु० पो० ऊखड़ा, जिला वर्द्धमान (बङ्गाल)।

१८। विस्तारपूर्वक तामसगुण, राजसगुण, सात्विकगुण के स्वरूप को जानना हो तो मनुस्मृति अध्याय १२ श्लोक ३९ से श्लोक ५१ तक देखो। याज्ञवल्क्यस्मृति अध्याय ३ श्लोक १३९ में लिखा है कि तमोगुणी वृत्ति वाले मनुष्य पशु-पक्षी आदि तिर्यक् योनियों में उत्पन्न होते हैं।

जब शिव तामसी हैं तो उनके भक्त भी तामसी होना चाहिए और शिव को भी तामसी फल देना चाहिये (गीता १४। १६-१७) और शिव भक्तों का भोजन भी परलोक में तामसी होना चाहिये। शिव के भक्त मरने के बाद राक्षस बेताल भूतादि बन कर शिव के गण होते हैं, गण और प्रमथ संज्ञा भूत आदिकों की है और इन्हीं के शिव स्वामी हैं और इन्हीं को तामसी फल देते हैं यथाः-

यः सर्व रक्षसां नाथस्तामसानां फल प्रदा २५।
वैताल गण भूतानां स्वामी भोग फल प्रदः २६।

इति कूर्मपुराण उत्तरार्द्ध अध्याय ६।

नोट-शिव का भोग लगाया अन्न मिठाई मेवा फल फूल जलादि ग्रहण न करें क्योंकि इसका शास्त्रों में निषेध है, देखो मेरा बनाया "निर्माल्यबोध।" और सब प्रकार से शैव धर्म निषेध जानना हो तो मेरा बनाया हिंसातर्कावली ग्रन्थ देखो।

ब्राह्मण से ! चांडाल भी विष्णुभक्त श्रेष्ठ है यथाः—

चांडालोपि मुनि श्रेष्ठ विष्णु भक्तो द्विजाधिकः।
विष्णु भक्ति विहीनश्च द्विजोपि श्वपचाधमः ४१।

इति नारदीयपुराण पूर्वखण्ड अध्याय ३४।

ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्राश्चान्येन्त्यजास्तथा।
हरिभक्तिमपन्नाये ते कृतार्था न संशयः २।
हरेरभक्तो विप्रो ऽपि विज्ञेयः श्वपचाधिकः।
हरि भक्तः श्वपाको ऽपि विज्ञो यो ब्राह्मणाधिकः ३।
स कथं ब्राह्मणो यस्तु हरि-भक्ति विवर्जितः।
स कथं श्वपचो यस्तु भगवद्भक्ति मानसः ४।
अव्याजेन यदा विष्णुः श्वपाके नापि पूज्यते।
तदा पश्येत्तमप्येवं चतुर्वेद द्विजाधिकम् ५।

इति पद्मपुराण क्रियायोगसारखंड अध्याय १६।

त्यक्त्वा वैकुंठनाथं तमन्यमार्गे कथं रमेत्।
भक्ति हीनैश्च चतुर्वेदः पठितैः किं प्रयोजनम् ९८।
श्वपचो भक्ति युक्तस्तु त्रिदशैरपि पूज्यते।
स्वकरे कंकणं वद्धा दर्पणैः किं प्रयोजनम् ९९।

इति पद्मोत्तरखंड अध्याय १३२।

श्वपाकोऽपि मद्भक्तः सम्यक् श्रद्धा समन्वितः।
प्राप्नोतिभिमतां सिद्धिमन्येषामत्र का कथा १८८।

इति ब्रह्मपुराण अध्याय ६१।

नोट—गीता ९। ३२ देखो।

विप्राद्द्विषड्गुणयुतादरविन्दनाभपादारविन्द विमुखा-च्छ्वपचं वरिष्ठम्। मन्ये तदर्पित मनो वचने हितार्थ प्राणां पुनाति स कुलं न तु भूरिमानः १०।

इति भागवत स्कंध ७ अध्याय ९।

नोट—और गीता ९। ३२भी देखो। वृद्धहारीत स्मृति अध्याय२ श्लोक ३१ में लिखा है कि अवैष्णव ब्राह्मण को श्वपाक और अधर्मी जानो वह मरने के बाद रौरव नरक को जाता है। शब्द कल्पद्रुम ब्राह्मण शब्द के अन्तर गत लिखा है कि जो द्विज विष्णु मंत्र और एकादशी व्रत से रहित है वह जैसे बिना विष का सर्प ऐसे जानो।

विष्णु भक्ति से किरात हूण आंध पुलिंद पुलकस आभीर कंक यवन खसादि और भी पापी शुद्ध हो जाते हैं इति भागवत स्कंध २ अध्याय ४ श्लोक १८।

विरक्त (वैरागी) धर्म यथाः—

न तस्य जन्म कर्मभ्यां न वर्णाश्रम जातिभिः।
सज्जते ऽस्मिन्नहंभावो देहेवै स हरेः प्रियः ५१।

इति भागवत स्कंध ११ अध्याय २।

ज्ञान निष्ठो विरक्तो वा मद्भक्तो वा ऽन पेक्षकः।
स लिङ्गानाश्रमांस्त्यक्त्वा चरेदविधि गोचरः २८।
वदेदुन्मत्त वद्विद्वान्गोचर्या नैगमश्चरेत्।
बुधो बालकवत क्रीड़ेत कुशलो जडवच्चरेत् २९।
वेदवाद रतो न स्यान्न पाखण्डी न हेतुकः।
शुष्क वाद विवादेन किंचित्पक्षं समाश्रयेत् ३०।

इति भागवत स्कंध ११ अध्याय १८।

वर्जितास्ते ऽपि सद्धर्मै राम रंगैर्न रंगिताः ८३।

इति पञ्चसर्गीय महारामायण सर्ग १।

नोट—महाभारत आश्वमेधिकपर्व अध्याय १९ श्लोक ८ से १४ तक भी देखो। विरक्तों को यह अध्याय संपूर्ण देखना चाहिये।

शान्तस्समान मनसा च सुशीलयुक्तः तोष क्षमा गुण दया ऋजु बुद्धि युक्तः । विज्ञान ज्ञान निरतः परमार्थ वेत्तानिर्धामको ऽभय मनाः स च राम भक्तः ९ । इति पञ्चसर्गीय महारामायण सर्ग २ । "विष्णोर्नाम सहस्राणां पठनाल्लभते फलम् । तत्फलं लभते मर्त्यो रामनामस्मरन्नपि ९० । इति पद्मपुराण सप्त क्रियायोगसार खण्ड अध्याय १५" ।

विरक्तस्या ऽऽत्मरक्तस्य सुखमेकान्त सेवनम् ।
आत्मानुचिंतनं चैव वेदान्तस्य च चिंतनम् ४५ ।

इति देवीभागवत स्कंध १७ ।

मर्त्यो यदा तिक्त समस्त कर्मा निवेदितात्मा विचिर्पितोये ।
तदामृतत्वं प्रतिपद्यमानोमयात्म भूयाय च कल्पते वै ३४ ।

इति भागवतस्कंध ११ अध्याय २९ ।

सर्वत्रास्खलिता देशः सप्त दीपैक दंड धृत् ।
अन्यत्र ब्राह्मण कुलादन्यात्राच्युत गोत्रतः १२ ।

इति भागवतस्कंध ४ अध्याय २१ ।

किं वा भागवताधर्म न प्रायेणनिरूपिताः ।
प्रियाः परमहंसानां तएवह्यच्युतप्रियाः ३२ ।

इति भागवत स्कंध १ अध्याय ४ ।

त्रैगुण्य विषया वेदा निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन ४५। अध्याय २।
सर्व धर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज ६६। अध्याय १८।

इति गीता।

नोट- प्रवृत्तिलक्षणोधर्मः ५१। इति महाभारतअनुशासन पर्व अध्याय ११५।

सर्व कर्म परित्यागी नित्य तृप्तो निराश्रयः।
पुण्येन न पापेन नेतरेण च लिप्यते ९७।

इति अन्नपूर्णोपनिषद् अध्याय ५।

अज्ञानान्ध तमोरूपं कर्म धर्मादि लक्षणम् १२।
स्वयं प्रकाशमात्मानं नैव मां स्प्रष्टु मर्हति।
सर्व साक्षिणमात्मानं वर्णाश्रम विवर्जितम् १३।

इति वाराहोपनिषद् अध्याय २।

मृत्या मोहमयी माता जातो बोध मयः सुतः।
सूतक द्वय संप्राप्तौ कथं संध्यामुपास्महे १३।
हृद्याकाशे चिदादित्यः सदा भासति भासति।
नास्तमेति न चोदेति कथं संध्यामुपास्महे १४।

इति मैत्रेय्युपनिषद् अध्याय २।

निरोधस्तु लोक वेद व्यापार न्यासः ८ ।
तस्मात् सैव ग्राह्या मुमुक्षुभिः ३३ ।
नास्ति तेषु जाति विद्या रूप कुल धर्म क्रियादिभेदः ७२ ।

इति नारदभक्तिसूत्र ।

जिमि हरिभगति पाइ नर तजहिं आश्रमी चारि १७ ।
कलिहिं पाइ जिमि धर्म पराहीं १६ ।

इति मानसरामायण किष्किंधाकांड । *

त्यागहि कर्म सुभासुभदायक, भजहिं मोहिसुर मुनि नायक ४१
रूप कि होहि सुरूपहिं चीन्हे
अब कि रहइ हरि चरित बखाने ११२ ।

इति मानसरामायण उत्तरकांड ।

नाना जनम करम पुनि नाना, किये जोग जप मखतपदाना ९६

इति मानसरामायण उत्तरकांड ।

नर विविध कर्म अधर्म बहु मत सोक प्रद सब त्यागहू ।
विस्वास करि कह दास तुलसी राम पद अनुरागहू ३९

इति मानस रामायण आरण्यकांड ।

---

* तुलसीकृत रामायण को ही रामचरितमानस या मानसरामायण कहते हैं ।

तज्यो पिता प्रह्लाद विभीषण बन्धु भरत महतारी,
बलि गुरु तज्यो कंत ब्रजबनतनि भये मुद मङ्गलकारी १७४।

इति विनयपत्रिका।

कवन जोनि जनमेउँ जहँ नाहीं, मैं खगेस भ्रम भ्रम जगमाहीं।
देखेउँ सब कर करम गुसाईं, सुखी न भयेउँ अबहिं की नाईं ९६।

इति मानसरामायण उत्तरकांड।

अश्वत्थ सदृशं नित्यं जन्म मृत्यु जरायुतम्।
वैराग्य बुद्धिः सततमात्म दोष विपेक्षकः ८।

इति महाभारत आश्वमेधिकपर्व अध्याय १९।

नोट—वैराग्य का स्वरूप देखो गीता १८। ५२।

ऐषागतिर्विक्ता नामैषधर्मः सनातनः ३८।

इति महाभारत आश्वमेधिकपर्व अध्याय ५१।

नोट—

दोहा– अहमद अग जग दिशि विदिशि, ग्राम धाम बन भौन।
प्रेम तो खोजत फिरत है बिन शिर को धड़ कौन १।
अहमद अतिशय कठिन है, प्रेम करन जगदीश।
जो कीजै तो दीजिये तन मन लज्जा शीश २।
कहा करब वैकुण्ठ लै कल्प वृक्ष की छाँह।

अहमद ढाक सुहावनो जो प्रीतम गल बाँह ३।
नारायण अतिशय कठिन प्रीतम पुर को बाट।
या मारग सो पग धरै प्रथम शीस दे काट ४।
चढ़के मोम तुरङ्ग पर चलिबो पावक माहिं।
प्रेम पन्थ ऐसो कठिन सब सों निबहत नाहिं ५।
तन सुख चाहैं शीस धड़ मन निज करमें लोग।
"नागर" वे संसार में नहीं प्रेम के जोग ६।
टके सेर नहिं बिकत है प्रेम बजार बजार।
"नागर" रतन अमोल यह लेत शीस को भार ७। मूल्य
तन रहीम है कर्म वश मन राखो वहि ओर।
जल में उलटी नाव ज्यों खैंचत गुनके जोर ८।
पापों से घिरणा करै नहिं पापी से सोय।
"नागर" तौ फिर अस दनै कबहुं बनी न होय ९।
रोगों से घिरणा करै नहिं रोगी से सोय।
"नागर" तुव कल्याण जग जीव दया से होय १०।

राक्षस धर्म यथाः—

पर दारावमर्शित्वं पारक्यार्थे लोलपाः।
स्वाध्यायस्त्र्यंबके+ भक्तिर्धर्मोयं राक्षसःस्मृतः २६।

इति वामनपुराण अध्याय ११।

+ हरः स्मर हरो भर्गस्त्र्यम्बकस्त्रिपुरान्तकः ३५। इत्यमरः।

यक्ष रक्षः पिशाचान्नं मद्यं मांसं सुरासवम् ।
तद्ब्राह्मणेन नातव्यं देवानामश्नता हवि ९६ ।

इति मनुस्मृति अध्याय ११ ।

स्वहा स्वधा ऽ मृत भुजो देवाः सत्यार्जव प्रियाः ।
क्रव्यादान राक्षान्विद्धि जिह्वानृत परायणान् २७ ।

इति महाभारत अनुशासनपर्व अध्याय ११५ । ×

आसुर पात्र (वर्तन) जो कि श्राद्ध में निषेध हैं यथाः—

आसुरेण तु पात्रेण यस्तु दद्यात्तिलोदकम् ।
पितरस्तस्य नाश्नन्ति दशवर्षाणि पञ्च च ९ ।

× महाभारत पांचवां वेद हैं यथाः—

भरतः पंचमोवेदः सुपुत्रः सप्तमोरसः १० ।

इति समयोचित पद्यमालिका जकार ।

सपादलक्षं च तथा भारतं मुनिना कृतम् ।
इतिहास इति प्रोक्तं पंचमं वेद संमतम् २६ ।

इति देवीभागवत स्कंध १ अध्याय २ ।

भागवत स्कंध १ अध्याय ४ श्लोक २० भी देखो ।

इतिहास पुराणादि परमात्मा की स्वास से निकले देखो २४ पृष्ठ की टिप्पणी ।

कुलालचक्र निष्पन्नमासुरं मृन्मयं स्मृतम् ।
तदेवहस्त घटितं स्थाल्यादि दैविकं भवेत् १० ।

इति कात्यायनस्मृति खण्ड १७ ।

अर्थ-जो मनुष्य आसुरपात्र से तिलोदक देता है उसके घर १५ वर्ष तक पितर लोग नहीं खाते ९। कुम्हार के चाक से बने हुए मिट्टी के पात्र को आसुरपात्र और हाथ से बने हुये थाली आदि मिट्टी के पात्र को देवताओं के पात्र कहते हैं १०।

नोट-बौधायनस्मृति प्रश्न २ अध्याय ८ श्लोक २४ में लिखा है कि गेरुआ वस्त्र धारण करके जप होम तथा प्रतिग्रह करने से और हव्य तथा कव्य की हवि देने से वे देवताओं को प्राप्त नहीं होतीं हैं। वृहद्विष्णुस्मृति अध्याय ७९ श्लोक १ में लिखा है कि रात के लाये हुए जल से श्राद्ध नहीं करैं।

श्राद्ध यज्ञ नाश यथाः—

वस्त्राभावे क्रियानास्ति यज्ञावेदास्तपांसि च ।
तस्माद्वासांसि देयानि श्राद्धकाले विशेषतः ७२ ।

इति ब्रह्मपुराण अध्याय ११२ ।

पिशाचधर्म यथाः—

अविवेकस्तथाऽज्ञानं शौच हानिरसत्यता ।

×पिशाचानामयं धर्मः सदा चामिष गृध्नुता २७।

इति वामनपुराण अध्याय ११।

नोट—ऊपर ९६ श्लोक देखो।

निश्चर धर्म यथाः—

जेहिविधि होइ धरम निर्मूला सो सब करहिँ बेद प्रतिकूला।
बरनि न जाइ अनीति घोर निसाचर‡ जो करहिँ।
हिंसा पर अति प्रीति तिन्हके पापहिं कवनि मिति १८३।
मानहिँ मातु पिता नहिँ देवा साधुन्ह सन करवावहिँ सेवा।
जिन्हके यह आचरन भवानी ते जानहु निसिचर सब प्रानी १८४।

इति मानस रामायण बालकाण्ड।

कहुँ महिष मानुष धेनु खर अज खल निसाचर भच्छहीँ ३।

इति मानस रामायण सुन्दरकाण्ड।

×पिशाचः–, पुं, (पिशितंमांसमश्नातीति। पिशित+अश+ "कर्म्मरण्यण्।" ३।२।१। इति अण्। ततः "पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम्।" ६।३।१०९। इति शितभागस्य लोपः अशभागस्य शाचादेशः।)

‡-राक्षस पिशाच निश्चिर निशाचर सबकी एकही संज्ञा है।

महानिश्चर धर्म यथाः—

करै निशाचर कर्म जो भक्षपरतीमद्मास ।
निशिचर कुल भूषण सोइ न दूषणपरिहास २२१ ।

इति मानसमयंक लंकाकांड

म्लेच्छधर्म यथाः—

नजात्या ब्राह्मणश्चात्र क्षत्रियो वैश्य एवच ।
न शूद्रो न च वै म्लेच्छो भेदिता गुण कर्मभिः ३८ ।
त्यक्त स्वधर्मा चरणा नृघृणाः पर पीडकाः ।
चंडाश्च हिंसका नित्यं म्लेच्छास्तेह्यविवेकिनः ४४ ।

इति शुक्रनीति अध्याय १ ।

अर्थ—इस जगत में जन्म से ब्राह्मण क्षत्री बैश्य शूद्र म्लेच्छ नहीं होते हैं, किंतु गुण और कर्म के भेद से होते हैं ३८ । त्याग दिया है अपने धर्मका आचरण जिन्होंने ऐसे निर्दयी पर को पीड़ा देने हारे अत्यंत क्रोधी और नित्य हिंसक अर्थात् मांस खानेवाले जो अज्ञानी मनुष्य हैं वे म्लेच्छ हैं ४४ ।

दैत्य धर्म यथाः—

मत्स्य मांसापि सु पीता मृषा बचन भाषिणः २० ।
नर जातिषु दैत्यानां चिन्हान्येतानि भूतले २३ ।

इति पद्मपुराण सृष्टिखड अध्याय ७६ ।

दैत्या हिंसानुरक्ताश्च ३६ ।

इति ब्रह्मपुराण अध्याय ५३ ।

"गायवधे ते तुरका कहिये उनते वैका छोटा । कहहिं कबीर सुनो हो संतो कलि का ब्राह्मण खोटा ५, शब्द ११ । कहकबीर वे दोनौं भूले रामहिं किनहुं न पाया । वे खसिया के गाय कटावैं वादै जन्म गवांया५, शब्द ३० । इति बीजक कबीरदास शब्द प्रकरण"

नास्तिक धर्म यथाः—

हिंसा पराश्चये केचिद्धे च नास्तिक वृत्तयः ।
लोभ मोह समा युक्ताःस्तेवै निरय गामिनः ४ ।

इति महाभारत आश्वमेधिक पर्व अध्याय ५० ।

पशु धर्म यथाः—

मांस भक्ष्याः सुरापाना मूर्खाश्चाक्षर वर्जिताः ।
पशुभिः पुरुषाकारै भारक्रांतास्ति मेदिनी २१ ।

इति चाड़क्य नीति अध्याय ८ ।

नोटः— "जिव मति मारहु बापुरा सब का एकै प्राण ।
हत्या कबहुँ न छूटि है कोटिन सुने पुराण २०१ ।
जीव घात न कीजिये बहुर लेत वह कान ।
तीरथ गये न वाचि हो कोटि हिरा दे दान २०२ ।

तीरथ गये तु तीन जन चित चञ्चल मन चोर ।
एकौ पाप न काटिया लादे दसमन और २०३ ।
इति कबीरबीजक साखी प्रकरण ।"

आत्मतीर्थं महातीर्थमन्यतीर्थं निरर्थकम् ५३ ।
चित्तमन्तरगतं दुष्टं तीर्थ स्नानैर्न शुध्यति ।
शतशो ऽपि जलैर्धौतं सुराभाण्डमिवा शुचि ५४ ।
इति श्रीजाबालदर्शनोपनिषत् खण्ड ४ ।

सब का धर्म यथाः—

सर्वे प्रत्यक्ष धर्माणो जित क्रोधा जितेन्द्रियाः ।
दमेस्थिताश्च सर्वे ते हिंसा भेद विवर्जिताः ८ ।
इति महाभारत आश्वमेधिक पर्व अध्याय ९२ ।

चारों वर्णों का धर्म यथाः—

अहिंसा सत्यमस्तेय शौचमिन्द्रिय निग्रहः ।
एतं सामासिकं धर्मं चातुर्वर्ण्ये ऽब्रवीन्मनुः ६३ ।
इति मनुस्मृति अध्याय १० ।

तथा—

अहिंसा प्रिय वादित्वमपैशुन्यमकल्पता ६७ ।
सामासिकमिमं धर्मं चातुर्वर्ण्ये ऽब्रवीन्मनुः ६८ ।
इति कूर्मपुराण अध्याय २ ।

अहिंसा सत्यमस्तेयमकाम क्रोध लोभता ।
भूतप्रियेहिते हा च धर्मोयं सार्व वार्णिकः २१ ।

इति भागवत स्कन्ध ११ अध्याय १७ ।

नोट--परेषां प्राण रक्षार्थं वदाम्ये वानृतं वचः ३९४ । इति पद्मपुराण सृष्टि खण्ड अध्याय १८ ।

ब्राह्मण धर्म यथाः—

ब्राह्मणानां सदा भक्ष्यं हविष्यं च निरामिषम् ।
आमिषस्य परित्यागात् सूर्यवत्तेजसा* भवेत् ५४ ।

---

* किञ्चित सूर्यग्रहण और चन्द्रग्रहण का निर्णय ।
ग्रहण में अन्न खाने का निषेध यथाः—

सूर्य ग्रहणेतु नाश्नीयात् पूर्वं यां१ चतुष्टयम् ।
चन्द्रग्रहेतु या यां त्रीन् बाल वृद्धातुरैर्विनेति ।

इति माधवीये वृद्ध गौतमोक्तेः ।

नोट—शब्दकल्पद्रुम ग्रहण शब्दान्तरगत में भी ऐसा ही है ।

अहोरात्रं न भोक्तव्यं चन्द्र सूर्य ग्रहो यदा ।
मुक्ति दृष्ट्वातु भोक्तव्यं स्नानं कृत्वा ततः परम् ।

इति बिष्णुधर्मोक्ते ।

नित्य नूतं भांडेन कर्तव्यः पाक एव च।
अथवा पक्ष पर्यंतं ततस्त्याज्यं मनीषिभिः ५५।

इति ब्रह्मवैवर्तपुराण श्रीकृष्णजन्मखंड अध्याय ८३।

ग्रहण में बाल बूढ़े रोगी आदिकोंके अन्न खानेका निर्णय यथाः—

बाल वृद्धातुराणां तु ग्रहयामात् पूर्वमेक यामो निषिद्धः।

इति कर्कानुसारिणोक्ते।

ग्रहण में सब वर्णों को सूतक यथाः—

सर्वेषामेव वर्णानां सूतकं राहु दर्शने।

इति हेमाद्रौ षट्त्रिंशोक्ते।

ग्रहण में अशुद्ध न होने वाली वस्तुयें यथाः—

आरनालं २ पयस्तक्रं दधिस्नेहाज्य पाचितम्।
मणिकस्थोदकं चैव न दुष्येद्राहु सूतके।
इति भर्गवार्चन दीपिकायां ज्योतिर्निबन्ध मेधातिस्थोक्ते।

तिल और कुश से वस्तुयें अशुद्ध नहीं होतीं यथाः—

अन्नं पक्कमित्याज्य स्नानं च वसनं गृहे।
वारि तक्रारनालादि तिल दर्भै ने दुष्यति।

इति मन्वर्थमुक्तावल्योक्ते।

परम धरम स्रुति विदित अहींसा १२१ ।

इति मानसरामायण उत्तरकांड ।

ग्रहण में अन्न खाने का प्रायश्चित यथाः—

चन्द सूर्य ग्रहे भुक्त्वा प्राजापत्येन ३ शुद्ध्यति ।
अस्मिन्नेव दिने भुक्त्वा त्रिरात्रेणैव शुद्ध्यतीति ।

इति माधवीये कात्यायनोक्ति

सूर्यग्रहण में कुरुक्षेत्र स्नान का महापुण्य यथाः—

गंगा कनखलं पुण्यं प्रयागः पुष्करं तथा ।
कुरुक्षेत्रं महापुण्यं राहु ग्रस्ते दिवा करे ।

इति देवी पुराणोक्ति

उक्त प्रसङ्ग, इति कमलाकर भट्ट कृत निर्णयसिन्धु परिच्छेद १ ग्रहण निर्णयान्तरगत ।

सूर्य ग्रहण और चन्द्र ग्रहण के समय स्नानदानादि कार्यों के लिये सब जल गङ्गा जल के समान होजाते हैं यथाः—

सर्वं गङ्गा समं तोयं राहुग्रस्ते दिवाकरे ।
सोमग्रहे तथैवोक्तं स्नानदानादि कर्मसु २७ ।

इति पाराशरस्मृति अध्याय १२।

अहिंसा परमो धर्मो विपाणां नात्र संशयः।

नोट—कात्यायनस्मृति खण्ड १० श्लोक १४ में और गोभिलस्मृति प्रपीठक १ श्लोक १५० में भी ऐसा ही है।

१— तीन घण्टे का एक यां (पहर) होता है। २ अर्क दवाई वगैरह। ३ प्राजापत्यव्रतके लिये मनुस्मृति अध्याय ११ श्लोक २१२ और याज्ञवल्क्य स्मृति अध्याय ३ श्लोक ३१९ से ३२० तक देखो। बृहत्पाराशरीय स्मृति अध्याय ७ श्लोक ३१२ में लिखा है कि स्त्री रजस्वला होने पर पहिले दिन चाण्डालिनी दूसरे दिनब्रह्म घातिनी और तीसरे दिन धोबिन सदृश रहती है चौथे दिन शुद्ध होती है। ३१३ और ३१४ श्लोक में लिखा है कि त्रिशिरा नाम दैत्य ब्राह्मण को इन्द्र ने मारा उसकी हत्या का फल स्त्रियों को दिया है तब से स्त्रियें रजस्वला होने पर ३ दिन अशुद्ध रहती हैं तवसे इनके छूने देखने और रति करने का विशेष दोष लिखा है। सहवास और साथ पलँग पर बैठने का निषेध, इति मनुस्मृति अध्याय ४ श्लोक ४०। तेज बुधि बल सहवास करने से नाश हो जाता है, इति मनुस्मृति अध्याय ४ श्लोक ४१ और ४२ भी देखो। उसके हाथ का छुवा अन्न न खाय, इति मनुस्मृति अध्याय ४ श्लोक २०८। उसको भोजनकाल में न देखे, इति मनुस्मृति अध्या-

दया सर्वत्र कर्तव्या ब्राह्मणेन विजानता ३९ । ×

इति देवीभागवत स्कंध २ अध्याय ११ ।

हिंसा चैव न कर्तव्या वैध हिंसा तु राजसी ।

ब्राह्मणैः सा न कर्तव्या यतस्ते सात्विकाः मताः ।

इति शब्दकल्पद्रुम हिंसाशब्दान्तरगत श्राद्धविवेक टीका गोविन्दानन्द धृत वृहन्मनु का वचन ।

य ३ श्लोक २३९ । उसके छूनेका निषेध, इति वृहत्पाराशरीयस्मृति अध्याय ७ श्लोक ३०९ । अङ्गिरास्मृति श्लोक ३८ और आपस्तंब स्मृति अध्याय ७ श्लोक १ से ४ में लिखा है कि रजस्वला स्त्री पहिले दिन चाण्डाली दूसरे दिन ब्रह्मघातिनी तीसरे दिन धोबिन के समान रहती है चौथे दिन में शुद्ध होती है और पाराशरस्मृति अध्याय ७ श्लोक २० और पद्मोत्तरखण्ड अध्याय ७७ श्लोक ४९ में भी ऐसा ही है । उशनस्मृति अध्याय ५ श्लोक ३२ में लिखा है कि रजस्वला स्त्री को न छुये । स्त्री को रजोदर्शन होने पर क्या कर्तव्य है, देखो व्यासस्मृति अध्याय २ श्लोक ३७ से ४० तक ।

× हिंसाऽनृत परा लुब्धाः सर्व कर्मोप जीविनः ।

कृष्णाः शौचपरिभ्रष्टास्ते द्विजाः शूद्रतां गताः ५९ ।

इति नारदीयपुराण पूर्वभाग अध्याय ४३ ।

स्त्री को भी हिंसा करने का अधिकार नहीं है यथाः—

प्रमादोन्माद रोषेर्ष्या वञ्चनं चातिमानिताम् ।
पैशुन्य हिंसा विद्वेषमहाहंकार धूर्तताम् ३४ ।
नास्तिक्यं साहसं स्तेयं दम्भान्साध्वी विवर्जयेत् ३५।

इति व्यासस्मृति अध्याय २ ।

नोट—"अधार्मिको नरो यो हि यस्य चाप्यनृतं धनम् ।
हिंसा रताश्च यो नित्यं नेहासौ सुख मेधते १७० ।

इति मनुस्मृति अध्याय ४ ।

श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः ।
ते सर्वार्थेष्वमीमांस्ये ताभ्यां धर्मो हि निर्वभौ १० ।

इति मनुस्मृति अध्याय २।

अर्थ—वेद को श्रुति और धर्मशास्त्र को स्मृति कहते हैं ये सब प्रयोजनों में अतर्क हैं अर्थात् इनमें किसी प्रकार का तर्क नहीं करना चाहिये क्योंकि सम्पूर्णधर्म इन्हीं से प्रकाशित हुये हैं १०।

तमः शूद्रे रजः क्षत्रे ब्राह्मणे सत्वमुत्तमम् ।
इत्येवं त्रिषु वर्णेषु विवर्त्तं ते गुणास्त्रयः ११ ।

इति महाभारतअश्वमेधिकपर्व अध्याय ३९ ।"

ब्राह्मण को मछली खाना मना है यथाः—

न भक्षणीयं वराहं मांसं मत्स्याश्च* सर्वशः ।
अभक्ष्या ब्राह्मणैरेते दीक्षितैश्च न संशयः ३६ ।

इति बाराहपुराण अध्याय १२७ ।

"नागर-हम एक प्रश्न मछली खानेवालोंसे करते हैं कि-मछली खानेवाले सुवर के मांस को क्यों नहीं खाते ?

बादी-सुवर का मांस अशुद्ध होता है ।

नागर-क्यों ?

बादी-सुवर बिष्ठा खाता है ।

नागर-तब मछली भी तो बिष्ठा खाती है । अलावा इसके और भी गौ, सुवर, कुत्ता, मरे हुए मनुष्य हिन्दू मुसलमानादि मुर्दों का मांस खाती है, अर्थात् जिस जीव का मांस बिष्ठा थूक खखार वगैरह उसके सामने आयगा तो वह खाजायगी । इससे सुवर से मछली ज्यादा अशुद्ध हुई । इस प्रत्यक्ष प्रमाण से मछली खानेवाले भंगी (टट्टी साफ करनेवाला) और म्लेच्छ (मुसलमानादि) से भी ज्यादा नीच हुए, मछली का ही ज्यादा प्रचार होने

---

* मछली मारने के विषय में पाराशरस्मृति अध्याय २ श्लोक ११-१२ देखो ।

से बंगाल और उड़िया आदि देश म्लेच्छ देश कहे जाते हैं इस प्रमाण से बिहार (मिथिला) देश को भी म्लेच्छ देश कहेंगे, क्यों कि यहां के ब्राह्मण ही मछली मांस खाते हैं। और मांस भी किसी का शुद्ध हुवा है।

बादी—बस इसके सिवाय और तो कोई दोष नहीं है ?

नागर—बड़ाभारी दोष यह है कि सब जीवों के मारने की हत्या लगती है, देखो धर्मशास्त्र मनुस्मृति अध्याय ११ श्लोक ११६ से १५५ तक और पाराशरस्मृति अध्याय ६ श्लोक १ से २१ तक। अब आप ही कहिये कि हत्यारे का साथ कौन करै, जिनको अपना पेट ही भरना है और धर्म से मतलब नहीं है, जिसको यमराज के यहां यमदूतों की मार सहना हो वह कर सकता है। और इसी हत्यारे के कारण कोई लोग इस लोक में और कोई पर लोक में दुखी होते हैं और यही मनुष्यों के बन्धन का हेतु है। और दूसरी बात यह है कि चमडे, मांस हड्डी का ठेका ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य और शूद्रों ने लेलिया तो कसाई और चमार लोग बिचारे क्या रुजगार करैंगे। हां! एक बात अच्छी है कि जब तुमने उनके नरक का स्टांप खरीद लिया तो उन्हें स्वर्ग मिलेगा यही तुम्हारा पुण्य हैं। और पापों का स्टांप पास ही रक्खे हो इसमें क्या पूछना है।"

❀ निर्दयी हिंसक मांस मछली मदिरा खानेवाला वैष्णव नहीं होसकता क्योंकि विष्णु सब प्राणियों में परिपूर्ण हैं (पृष्ठ ५ देखो) प्राणियों को दुख पहुँचानेसे विष्णु की हिंसा होगी और आज तक अपने इष्टकी हिंसा किसीने नहीं की। पुनः "जीवप्राण धारणे" धातु पर भी ध्यान दो। बिना दया धर्म के वैष्णव होना झूठा है बहरुपिया कैसा वेष बनाये है, वह बंचक है यथाः—

दयाधर्म परो नित्यं विष्णुधर्मेषु तत्पराः ३।

इति पद्मोत्तरखण्ड अध्याय १३०।

अर्थ—जब मनुष्य सदैव दयाधर्म में रत रहता है तब विष्णुधर्म में तत्पर होता है ३। विष्णुके पाँच संस्कारों को भी धारण करना पड़ता है, शंख-चक्र की या धनुष-बाण की तप्त छाप१ तुलसी काष्ठ २ ऊर्द्धपुण्ड्र तिलक ३ राम या कृष्ण मन्त्र ४ विष्णुनामान्त दास नाम (रामदास या कृष्णदास) ५। इसके अलावा बैष्णवधर्मग्रन्थोंके अनुकूल चलना पड़ता है और बैष्णव धर्म में हिंसा लेशमात्र नहीं है तब विष्णु को मांसादि अशुद्धचीजों का भोग कैसे लग सकता है। और श्रीरामसंस्कार वर्जित को पशु कह सकते हैं (पृष्ठ १०० की टिप्पणी में श्लोक २६)।

❀ तच्चित्रंयदि रूपयोवनवती साध्वी भवेत्कामिनी।
तच्चित्रंयदि निर्दया ऽपि पुरुषः पापं न कुर्यात्कच्चित १२२।
इति शुभाषित रत्नाकर मिश्र प्रकरण।

जिनकी बुद्धि पापारक्त हो रही है, धर्म जिन में लेश मात्र भी नहीं है वही कह सक्ते हैं कि भगवत धर्म में जीव हिंसा है और भगवत को मांस मछली समर्पण करना चाहिये। सच्छास्त्रों में तो भगवंत धर्म में लिखा है कि प्राणि मात्र में बाहर भीतर ईश्वर को ही देखै और आकाशवत् सब जीवों में ईश्वर परिपूर्ण हैं। वही पण्डित है जो ऊँच नीच प्राणी मात्र को ईश्वर भाव जान कर पूजै और सम दृष्टि देखै। अन्तरयामी ईश्वर की दृष्टि से सब को प्रणाम करै देखिये।

भगवत धर्म यथाः—

हंत ते कथयिष्यामि मम धर्मान् सु मंगलान्।
याञ्छ्रद्धयाचरन्मर्त्यो मृत्युं जयति दुर्जयम् ८।
मामेव सर्व भूतेषु बहिरंतरपावृत्तम्।
ईक्षेतात्मनि चात्मानं यथा खममलाशयः १२।
इति सर्वाणि भूतानि मद्भावेन महाद्युते।
सभा जयन्मन्यमानो ज्ञानं केवलमाश्रितः १३।
ब्राह्मणे पुल्कसे स्तेने ब्रह्मण्ये ऽर्के स्फुलिंगके।
अक्रूरे क्रूरके चैव समदृक् पंडितो मतः १४।
विसृज्य स्मयमानान्स्वान्दृशं व्रीडां च दैहिकीम्।
प्रणमेद्दंडवद्भू मावाश्वचांडालगोखरम् १६।

अयंहि सर्व कल्पानां सध्रीचीनो मतो मम ।
मद्भावः सर्वभूतेषु मनोवाक्काय वृत्तिभिः १९ ।

इति भागवत स्कन्ध ११ अध्याय २९ ।

अर्थ—श्री कृष्णजी उद्धव से कहते हैं कि हे उद्धव मैं सुमंगल अपने धर्म (ईश्वर धर्म) तुम से कहता हूँ, जिन धर्मों को श्रद्धा के सहित करने से मनुष्य दुर्जय मृत्यु को जीत लेता है ८। निर्मल चित्तवाला पुरुष सब प्राणियों और अपने में भी बाहर भीतर मुझको ही देखे मैं आकाश की नाईं बाहर भीतर सब में सदा परिपूर्ण हूँ १२। जो इस प्रकार ज्ञान में स्थित हो सब प्राणिमात्र को मेरा ही भाव जान कर पूजै वही पण्डित है १३ । ब्राह्मण नीच जाति चोर विष्णु सूर्य स्फुलिङ्ग (अग्निकण) सज्जन दुष्ट इन में समदृष्टि से देखने वाला ही पण्डित कहाता है (गीता ५।१८)। तात्पर्य यह है कि ब्राह्मण और गौ को ऊँची दृष्टि से देखै, और अन्त्यज जाति को और खस्सी मछली आदि जानवरों को नीची दृष्टि से देखै वह मूर्ख है १४। इस वास्ते ! सब प्राणियों के अन्तर ईश्वर बास करता है ऐसा जान कर हँसी लज्या मान अपमान सब को छोड़ कूकर चाण्डाल गौ गधा आदि सब जीवों को (१७ श्लोक देखो) भूमि में लोट सास्टाङ्ग प्रणाम करै १६। हे उद्धव ! यह सब पक्षों मे मेरा पक्ष सर्वोत्तम है कि मन वचन कर्म

से सब प्राणियों में मुझे देखै १९। सब प्राणियोंके साथ २ खस्सी (बकरा) मछली हिरनादि पशु पक्षी भी आगये। इस वास्ते मनुष्य किसी भी जीव की हिंसा न करै, न मांस खाय? नहीं तो वह ईश्वर द्रोही समझा जायगा और उसका लोक परलोक में कल्यान न होगा। उक्त श्लोक १२-१३ साक्षी हैं। और जब स्वर्ग या वैकुंठ जहाँ कि मल की गन्ध नहीं है वहां पर देवता देवी ईश्वर मांस खायंगे तो राक्षसों का क्या भोजन है। मांस मद्य देवताओं का भोजन नहीं है न मनुष्यों का भोजन है किन्तु राक्षसों का भोजन है। देखो मनुस्मृति अध्याय ११ श्लोक ९६ यथा—यक्ष रक्षः पिशाचन्नं मद्यं मांसं सुरासवम्। तद्ब्राह्मणेन नात्तव्यं देवानामश्नताहविः। + और वृद्धहारीतस्मृति अध्याय ९ श्लोक २८६, पद्मोत्तरखण्ड अध्याय २५५ श्लोक १०१, महाभारत अनुशासनपर्व अध्याय ११५ श्लोक २७, यजुर्वेद अध्याय २ मन्त्र १९, सामवेद छन्दआर्चिक अग्नेयपर्व अध्याय १ खण्ड ८ ऋचा ८ भी देखो।

सर्वमात्मनि संपश्येत्सच्चासच्च समाहितः।
सर्वं ह्यात्मनि संपश्यन्नाधर्मे कुरुते मतः ११८।

इति मनुस्मृति अध्याय १२।

+ मन्वर्थमुक्तावली टीका में इस श्लोक का ९५ नंबर है कुल्लूकभट्टभी लिखते हैं कि "मांसं च प्रतिषिद्धम्"।

अर्थ—सनातन भाव को जानता हुआ (ब्राह्मण) सब जीवों में समान देखै क्यों कि सब जीव समान देखने से रागदोष पैदा नहीं होता, राग दोष न होने से अधर्म में मन नहीं जाता ११८। जो सब जीवों में आत्माको देखता है वही ब्रह्म को प्राप्त कर सक्ता है अन्यथा नहीं, १२५ श्लोक देखो।

सर्व भूतास्थमात्मानं सर्व भूतानिचात्मनि।
ईक्षत योग युक्तात्मा सर्वत्र सम दर्शनः २९।
यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ३०।
सर्वभूतस्थितं यो मां भजत्येकत्वमास्थितः।
सर्वथा वर्तमानो ऽपि स योगी मयि वर्तते ३१।
आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति यो ऽर्जुन।
सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमो मतः ३२।

इति गीता अध्याय ६।

अर्थ—जिसका मन योग× में स्थिर हो गया है उसकी दृष्टि समान रहती है वह अपने को सब भूतों में तथा सब भूतों को अपने में देखता है २९। जो सब में मुझको और मुझमें सबको

× योगः संनहनोपायध्यानसंगतियुक्तिषुइत्यमरः।

देखता है उसके लिये कभी मैं नष्ट नहीं होता और मेरे लिये कभी वह नष्ट नहीं होता ३०। जो सब प्राणियों में मुझे देखता है और मेरा भजन करता है वह सर्व प्रकार से वर्तता हुआ भी मुझ में ही रहता है ३१। हे अर्जुन! जो जानता है कि मेरे समान दुख सुख सब को होता है, सबको सम दृष्टि से देखता है, वही श्रेष्ठ है ३२।

आचार हीन वैष्णव नहीं हो सक्ते और आचार में खान पान ही लिया गया है, आचार भ्रष्ट असुर होते हैं (गीता १६।७) दैवी संपदा के ग्रहण किये बिना वैष्णव नहीं हो सक्ते (गीता १६।१-३)। हिंसक कठोर होता है और आसुरी संपदा वाला होता है (गीता १६।४) और वैष्णव दयालु होता है। आसुरी संपदा वाला नरक में जाता है और आसुरी योनियों में (गीता १६।१६-१९)। जो भगवत को प्राणीमात्रमें नहीं देखते पुनः आचार भ्रष्ट भी हैं, और वैष्णव धर्म में हिंसा और अनाचार की शिक्षा देते हैं उन की बुद्धि विक्षिप्त है याने वो पागल है (गीता ९।१२)।

सामान्यता तो किसी वैष्णव धर्म ग्रन्थ में विष्णु को मांस मछली का भोग लगाना और पूजा करना नहीं लिखा। किन्तु यज्ञ में भी खीरफल फूलादि से विष्णु का पूजन ब्राह्मणको करना चाहिये ऐसा लिखा मिलता यथाः—

विष्णुमेवाभि जानन्ति सर्व यज्ञेषु ब्राह्मणाः ।
पायसैः सुमनोभिश्चतस्यापि यजनं स्मृतम् १० ।

इति महाभारत मोक्ष धर्म अध्याय ९२ ।

तथा च—

हिंसादि रहितं कर्म यत्तदीश्वरं पूजनम् ८ ।

इति श्रीजाबाल दर्शनोपनिषत् खण्ड २ ।

अपि च—

याने मनुष्य षडक्षर राममन्त्रसे विष्णुभगवानका पूजन करै यथाः—

षडक्षरेण मंत्रेण हरि पूजन कृन्नरः ९८ ।

इति पद्मपुराण क्रियायोगसार खण्ड अध्याय १५ ।

शास्त्रोक्त विरुद्ध, वामपथ प्रवर्तक, विद्वद् ! पंडित लूटन (लुट्टी) झा कि जिनका निवास, ग्राम कोइलख, पोष्ट रामपट्टी (लोहट), जिला दरभङ्गा, बिहार प्रदेश में है। नम्बर१ की पुस्तक "धर्मनिर्णय पत्र" अर्थात् श्री १००८ विष्णुदेव के निमित्त मत्स्य मांसार्पण करने का व्यवस्था पत्र नाम की अपने भतीजे श्यामा दत्त विद्यार्थी के नाम से सप्रमाण लिखी है, जो कि दुर्गाप्रशाद खत्रीद्वारा लहरी प्रेस काशी में छपी है। इसको खण्डन सरयू दास और शिवनन्दन झा ने किया, इन्हीं दोनों महाशयों के खंडन

को पण्डित जी ने खण्डन किया, जिस पुस्तक का नाम नम्बर २ "धर्मनिर्णय पत्र" अर्थात् मांस के बिना विष्णुदेव की पूजा नहीं उचित है इसका व्यवस्थापत्र नाम की भी श्यामादत्त के नाम से सप्रमाण लिखी है, यह पुस्तक पं० रामनाथ झा मैनेजर के प्रबंध में मैथिल प्रेस मधुबनीमें छपी है। अब इस नंबर२ की पुस्तकका खण्डन समय पाके मैं करूँगा। मैं नहीं जानता कि पण्डित जी ने ऐसा क्यों लिखा क्योंकि इस बात को सबही जानतेहैं कि बिना पशुघात किये मांस किसी प्रकार से भी पैदा नहीं होता, पशु काटने से आत्मबध को प्राप्त होता है और मांस खाने से मलखाने के दोष को प्राप्त होता है, फिर आपने इस दुष्ट धर्म की क्यों शिक्षा दी (तदलं पशु घातादि दुष्ट धर्मैर्निबोधत् ३६१ इति पद्मपुराण सृष्टि खण्ड अध्याय १३)। लोहित और कृष्णकर्म, अर्थात् हिंसा मिले और केवल हिंसावाले कर्म करने वाले वैष्णव नहीं होसक्ते (नम्बर २ की पुस्तक के टाइटिलपेज पर श्यामादत्त झा वैष्णव लिखा है) केवल शुक्ल कर्म करने वाले ही वैष्णव होसक्ते हैं (अध्यातम रामायण सर्ग ३ श्लोक २५)। हिंसा प्रिय तो उन्हीं मनुष्यों को होती है जो पापी, क्रूर खल निसाचर और अनीतज्ञ हैं (ये पाप निरताः क्रूराः ते ऽपि हिंसा प्रिया नराः ३१ इति शिव पुराण उमासंहिता अध्याय ६। और बरनि न जाइ अनीति घोर निसाचर जो करहिँ, हिंसा पर अति प्रीति तिन्ह के पापहिं कवनि

मिति १८३ इति बालकाण्ड । कहुँ महिष मानुष धेनु खर अज खल निसाचर भच्छही ३ इति सुन्दर काण्ड । इति रामचरितमानस)।

कर्म ही मनुष्य से शुभाशुभ कराता है, पण्डित जी अपने पूर्वजन्म के कर्म को कैसे मिटा सक्ते हैं, कर्माधीन ही पण्डित जी का नाम रूप और कर्तव्य हुआ। नाम भी आप का लुट्टी वा लूटन कर्तव्यानुसार हुआ, और इन नामों की व्युत्पत्ति भी ऐसी ही होती है, याने

जो धर्म को चुरावै उसे लुट्टी कहते हैं, और
जो धर्म का खण्डन करै उसे लूटन कहते हैं

यथाः—

लुट्टीत्यस्य व्युत्पत्तिश्च । लुटते इति लुट्टी, प्रतिघाता र्थक लुट् धातोरुणादि इनि प्रत्यये प्रकृतेस्तुगागमे ऽनुबन्धे- त्संज्ञा लोपयोः, सुत्वे कृदन्तत्वेन प्रातिपदिकत्वात्सौ-सौ चे ति, उपधादीर्घे ह लङ्ग्यादिति सु लोपे न लोपे च लुट्टी-इति सिध्यति । धातूनामनेकार्थत्वादत्र लुट् धातोः स्तेयार्थे शक्तिः, एवञ्चयो धर्म्मं लुटते चोरयति स लुट्टीति, लुट्टीति शब्द वाच्य वर्तमान व्यक्तौ-एतादृशार्थस्यैव सम्भ- वात्, अन्यथा विष्णोर्मांस नैवेद्य निवेदनोक्तिस्तस्या न सम्भवेत् ।

लुट्टीत्यस्य व्युत्पत्तिरुक्त्वा लूटन इत्यस्य व्युत्पत्तिः क्रीयते । लुनाति धर्ममिति लूटनः, छेदनार्थक लू धातो-रुणादि ट न क् प्रत्यये अनुबन्धेत्संज्ञा लोपयोः—क्तित्वा-द्गुणाभावे इडभावे च कृदन्तत्वेन प्रातिपादिकत्वात्सौ रुत्वे विसर्गे तत्सिद्धिः ।

बकरे (खस्सी) भेड़े और मछली का मारना शंकरी करण पाप है अर्थात् इनके बध करने में मनुष्य शंकर होजाते हैं (६५ पृष्ठ की १८ पंक्ति से देखो) यह भी पण्डित जी की विपरीत बुद्धि होने का कारण है

पण्डित जी की उपाधि (टाइटल) १ नम्बर और २ नम्बर दोनों पुस्तकों पर दिग्विजयी और पंचानन की लिखी है, हम नहीं जानते कि यह उपाधियें किसी ने दी हैं या अपने ही मनसे पुस्तकों पर छपा दी हैं। दिग्विजयी तो वही होसक्ता है कि जो अहिंसा में तत्पर और सब जीवों का हित करने वाला हो, जैसी कि ऋषियों की आज्ञा है, लिखा है कि—

अहिंसादि परः शान्तः सोपि बंधः सुरोत्तमैः ।
सर्वभूत हितो नित्यं सोऽभ्यर्च्यो दिग्जिनैः स्मृतः ५५।

इति नारदीय पुराण पूर्वखण्ड अध्याय ३ ।

सर्व भूतों (जीवों) की गणना में खस्सी हिरन मछली पशु पक्षी आदि सब आगये ।

अथवा दिग्विजयी वह हो सक्ता है कि जो अपनी लाज शरम छोड़ दे। किसीने ऐसा कहा भी है कि—

"एकां लज्जां परित्यज्य सर्व्वत्रविजयी भवेत्"

यदि अपयश भी होगा तो क्या नाम न होगा। (पावन जस कि पुन्य बिनु होई-बिनु अघ अजस कि पावइ कोई ११२इति राम चरित मानस उत्तर कांड) किसी प्राणी की जान न लेना इससे बड़ा कौन पुण्य होगा, किसी जीव की गर्दन काटना इससे बड़ा अघ क्या होगा।

बाकी रही पञ्चानन की उपाधि सो आपके लिये उपयुक्त ही है. क्यों कि साधारण ब्राह्मणोंको हिंसा के लिये एक मुख है आप हिंसा प्रवर्त्तक हैं आपको पञ्च मुख होना ही चाहिये। पञ्चानन को अहिंसा से मतलब ही क्या है, क्योंकि एक तो महापशु दूसरे पञ्चानन, क्या साक्षरा का विपरीत राक्षसा नहीं हो सक्ता। पञ्चाननजी आप यह भी जानते होंगे कि जहां पञ्चानन रहता है वहां शिकारी भी घूमते रहते हैं। पञ्चानन को दिग्विजयी होते हुए भी शिकारी पर ध्यान अवश्य रखना चाहिये। इस संसार

जङ्गल में अनेक शिकारी घूम रहे हैं । आप तो नकली पञ्चानन दिग्विजयी हैं, जो असली दशानन रावण खरदूषणादि राक्षस दिग्विजयी थे, क्षत्री के दो बच्चोंने उनकी भी शिकार खेल डाली और सत्यानाश कर दिया । श्रीरामजी ने कहा भी है कि "हम क्षत्री मृगया बन करहीं, तुम्हसे खल मृग खोजत फिरहीं। २१" इति आरण्य कांड रामचरित मानस ।

साधारण मैथिल ब्राह्मणों ने अपने ही लिये हिंसा श्रेय समझी, परन्तु अद्भुत उपाधि कारी पं० लूटन (लुट्टी) झा ने जगत कर्ता विष्णु भगवान के ऊपर भी डाका डाल दिया, और भगवान के लिये भी नित्य मत्स्य मांसार्पण की व्यवस्था दे डाली। आपने वास्तव में बड़ी ही शिकार मारी, आज तक यह वेदका मर्म मिथिला के किसी धुरंधर विद्वान् को न सूझा। क्यों न हो आप के पांच मुँह में दस आंखें भी होंगी ।

पंडितजी आप पंडितका स्वरूप पीछे छोड़ आये आपका पंडित से विपरीत आचरण है (गीता ५ । १८)। आप सब कुछ तो पढ़ गये, यहां तक कर डाला कि दिग्विजयी और पञ्चानन की उपाधि बनाली, परन्तु अपने को बन्धन से छुड़ाने का कोई ग्रन्थ नहीं पढ़े, और लिखा भी आपके विषय में ऐसा ही है कि—

बृथाऽध्ययनेनात्र दृढ़ बंध करेण च ।
पठितव्यं तदेवाशु मोचयेद्भव बंधनात् ५२ ।

इति देवी भागवत स्कन्ध १ अध्याय १४। और

अधीत्य चतुरो वेदान्सर्व शास्त्राण्यनेकशः ।
ब्रह्मतत्वं न जानाति दर्वी पाकरसं यथा ६५ ।

इति मुक्तिकोपनिषद् अध्याय २ ।

मनुस्मृति अध्याय १२ श्लोक १२५—ब्रह्माभ्येति परंपदम्, इसके योग्य नहीं हुए !! इसी प्रकार आंखों में धूल झोंक पञ्चानन जी दिग्विजयी बनते हैं ।

वैष्णवानन्य तुलसीदासजी के मानसका कनीयस् पीयूष यथाः—

परहित सरिस धर्म नहिँ भाई, पर पीड़ा सम नहिँ अधिमाई
नर सरीर धरि जे पर पीरा, करहिँ ते सहहिँ महाभव भीरा
करहिँ मोह बस नर अघ नाना, स्वारथ रत परलोक नसाना ४१।
पर उपकार बचन मन काया, संत सहज सुभाव खगराया
संत सहहिँ दुख परहित लागी, पर दुख हेतु असंत अभागी १२१।

इति मानस उत्तर कांड ।

समयानुकूल जैसा होना चाहिये वास्तव में ऐसा ही है

यथाः—
